नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

पत्रांक – 122/2020
दिनांक – 01/12/2020

अपर मुख्य सचिव
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना

विषयः मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर के बिदेश्वर स्थान NH-57 से रेलवे स्टेशन, लंगरा चौक, राम चौक होते हुए मोहना NH-57 तक जाने वाली पी॰डब्लू॰डी॰ पथ 11.70 कि॰मी॰ मे से **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 6.60 कि॰मी॰ अधिसूचीत करने के उपरांत बचे हुए शेष भाग 5.1 कि॰मी॰ को चौड़ीकरण करवाने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपरोक्त पथ झंझारपुर के बिदेश्वर स्थान NH-57 से रेलवे स्टेशन, लंगरा चौक, राम चौक होते हुए मोहना NH-57 तक जाती है। इस पथ की कुल लम्बाई 11.70 कि॰मी॰ है। इस पथ की चौड़ीकरण से सम्बन्धित कई बार पत्राचार भी हुआ है तथा कार्यपालक अभियंता पी॰डब्लू॰डी॰ मधुबनी ने अपने कार्यालय पत्रांक 978 दिनांक 08/07/2014 के द्वारा वर्ष 2014–15 के प्रस्तावित कार्य योजना में सम्मलित करने हेतु अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ अंचल दरभंगा के माध्यम से अभियंता प्रमुख पथ निर्माण विभाग, पटना को उपलब्ध करा दिया गया है।

ज्ञात हो कि उपरोक्त पथ में बिदेश्वर स्थान NH-57 से रेलवे स्टेशन, कैथिनीयाँ रेलवे अन्डर **पास 6.60 कि॰मी॰ पथांश को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने अधिसुचना** संख्या **3231** एवं **का॰आ॰–4024 (E) नई दिल्ली के द्वारा 20 अगस्त 2018 को राष्ट्रीय उच्च पथ सं॰ 527A के अन्तर्गत सम्मलित कर लिया गया है। साथ ही पथ निर्माण विभाग ने उक्त पथ 11.70 कि॰मी॰ में से 6.60 कि॰मी॰ राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल जय नगर को दिनांक 23/09/2020 को स्थानान्तरीत भीकर दिया गया है। सुलभ प्रसंग हेतु स्थानान्तरीत से सम्बन्धित पत्रा संलग्न है।**

ज्ञात हो कि झंझारपुर कैथिनीयाँ रेलवे गुमती चौक से लेंगरा चौक, रामचौक होते हुए मोहना NH-57 तक जाने वाली पथ पर ही अनुमण्डल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, निबंधक कार्यालय, महाविद्यालय, न्यायालय, अनुमण्डल अस्पताल, बैंक, पुलिस कार्यालय, अग्नीशामक केन्द्र, बाजार एवं हाट तथा कई अन्य कार्यालय सव अवस्थित है। इसी पथ में **माननीय मुख्यमंत्री महोदय** के द्वारा **दिनांक 5 जून 2020 को मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का शिलान्यास भी किया गया है,** उस दृष्टिकोण से भी उपरोक्त सड़क का चौड़ीकरण बहुत ही आवश्यक हो गया है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि उपरोक्त पथ के बचे हुए भाग कैथिनीयाँ रेलवे गुमती से लंगरा चौक राम चौक होते हुए मोहना NH-57 तक जाने वाली पथ को चौड़ीकरण करवाने से सम्बन्धित आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं सहित!

भवदीय

Nitish Mishra
1.12.2020
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com